एक नजर

एक पेड़ मां के नाम ग्राम बडवेली में महादेव मंदिर पर वृक्षारोपण किया

सरदारपुर । श्रावण सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम बड़वेली में भक्तेश्वर महादेव मंदिर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण के कार्यक्रम में एसडीएम, श्रीमति आशा परमार तहसीलदार श्री मुकेश बामणिया जनपद ई मैडम श्रीमति समीक्षा जैन भाजपा जिला मंत्री श्रीमती जमुना भूरिया और मंडल अध्यक्ष ओंकार लाल जाट और सरपंच प्रतिनिधि रामकिशन खराड़ी मंडल उपाधक्ष्य ओमप्रकाश पाटीदार कमलेश पाटीदार आनंदीलाल राजेश नंदकिशोर नरेंद्र विजय संदीप जय रवि राहुल के साथ समस्त कार्यकर्ता और साथ ही मातृ शक्ति द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया गया ग्राम बड़वेली । वृक्षारोपण के साथ उसके देखभाल का भी संकल्प ग्रामीणों द्वारा लिया गया

लाबरिया में 422 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण

लाबरिया - सोमवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाबरिया में 422 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण डॉ अरुण मोहरानी मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी सरदारपुर एवं डॉ अनिल भंवर मेडिकल ऑफिसर राजोद के मार्गदर्शन में एस के पाराशर नेत्र चिकित्सा सहायक सरदारपुर द्वारा किया गया। जिसमें 53 विद्यार्थियों के दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें शासन की योजना अंतर्गत आगामी माह में नि:शुल्क चश्मे दिए जाएंगे ।सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिक्षा एवं सिकल सेल के बारे में श्रीमती सरोज शर्मा हरूएवं ज्योत्सना पुरोहित ष्ट।ह द्वारा दी गयी। अन्य नेत्र रोग पीडति छात्र छात्राओं को नि:शुल्क दवाई वितरण की गई। एवं छात्रों को नि:शुल्क चश्मे वितरण किए गए। उक्त कार्य में प्रिंसिपल श्री लाभू चारण जी एवं उनकी सहयोगी टीम का विशेष सहयोग रहा । एवं उक्त कार्य में श्री रमेश भूरिया सेक्टर सुपरवाइजर एवं श्री अजय मारू एवं आशा कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा ।

यूरिया नही मिलने नाराज से किसानों नें मार्केटिंग सोसायटी के सामने किया चक्का जाम, स्टेट हाईवे का यातायात आधे घंटे बाधित रहा

कुक्षी। यूरिया नही मिलने क्षेत्र के नाराज किसानों नें आज सोमवार को मार्केटिंग सोसायटी के सामने स?क पर हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया.चक्काजाम से करीब आधे घंटे तक स्टेट हाइवे का यातायात बाधित रहा. सड़क पर धरना दे रहे किसानों नें आरोप लगाया की यूरिया की कालाबाजारी के चलते किसानों को संकट का सामना करना पड रहा है.जबकी इस समय किसानों को यूरिया की सख्त आवश्यकता बनी हुई है वही बाजार महगें भाव में व्यापरियो द्वारा बेचा जा रहा है.किसानों द्वारा चक्का जाम किये जाने की खबर लगते ही प्रशासन हरकत में आ गया और तत्काल मौका स्थल पर एसडीएम विशाल धाकड,तहसीलदार,एसडीओपी, पुलिस प्रशासन नें दलबल के साथ मोर्चा संभाला ।मौजूद अधिकारियो नें किसानो को समझाइश देते हुए आश्वस्त किया इसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन वापस लेकर चक्काजाम खोला ।मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक संतोष गुप्ता नें बताया की यूरिया की इंदौर में रेक लगी हुई है और जल्द ही व्यवस्था में सुधार हो जायेगा ।प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण जनों के साथ महिलाएं भी स?क पर धरना दे रही थी।

तीन दिवसीय विश्वेश्वर महादेव शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह

धार . धार जिला मुख्यालय पर हैप्पी विला कॉलोनी में नवीन शिव मंदिर शिव शक्ति धाम का निर्माण कर उसमें विश्वेश्वर महादेव शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। संस्कार संस्कृतिक मंडल एवं हैप्पीविला रहवासी संघ के तत्वाधान में आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में धार के पंडित निखिलेश शास्त्री , पण्डित ऋतुराज शर्मा पण्डित दिलीप शर्मा और पण्डित ईश्वर शर्मा उज्जैन द्वारा विधि विधान पूर्वक शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई जिसमें तीन दिनों तक लगातार छह जजमान जोड़ों द्वारा पूजन एवं यज्ञ विधि में भाग लिया गया। साथ ही अन्य श्रद्धालुओं द्वारा यज्ञ एवं पूजन में भाग लिया गया। आयोजन समिति के संजय यादव ने बताया कि शिव परिवार के साथ हनुमान जी की मूर्ति की भी स्थापना की गई है। मन्दिर के समीप ही शीतला माता मन्दिर भी बनाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लाभार्थी परिवार रहे - श्रीराम हारो? परिवार ,संजय शेखावत, सुनील बिंदल, रोहित पाटीदार, राजेन्द्र शर्मा और दीपेश बिंदल परिवार।

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

परिवार और समाज को खोखला बना रहा है नशा

सिंघाना . प्रदेश के युवाओं और छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर उससे बचाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस लगातार 15 दिनो से गांवों से लेकर शहरों की गलियों तक में %नशे से दूरी- है जरूरी% जनजागरुकता अभियान चला रही है। इसी के तहत मनावर थाना अंतर्गत ग्राम सिंघाना में %नशे से दूरी-हे जरूरी% जनजागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम के सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को इकट्ठा कर सिंघाना चौकी प्रभारी सुशील यदुवंशी द्वारा नशे से दूरी बनाए रखने के लिए समझाइस दी गई। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए हानिकारक है।अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना हे। साथ ही साथ युवाओं को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

परिवार और समाज को खोखला बना रहा है नशा अनु बेनीवाल- एसडीओपी अनु बेनीवाल की उपस्थिति में रविवार को कस्तूरबा हॉस्टल पर नशे से दूरी है जरूरी जन जागरूकता अभियान के बारे में छात्रों को बताया गया। बेनीवाल ने कहा युवाओं को नशे से दूर रखना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है, क्योंकि नशा युवाओं के शरीर और भविष्य दोनों को बर्बाद कर देता है। नशा परिवार और समाज को खोखला बना रहा है। आजकल कम उम्र के बच्चे नशे की चपेट में आ रहे हैं। चरस, गांजा, अफीम, ब्राउन शुगर, पाउडर और टेबलेट जैसे नशीले पदार्थों से युवाओं को बचाना जरूरी है। नशे की जद में आकर कई परिवार उजड़ जाते हैं। नशा नाश की जड़ है, जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है। यह दु:खद है कि युवाओं के बीच नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है। एसडीओपी बेनीवाल ने आग्रह किया कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। छात्राओं ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और स्वस्थ जीवन ही सच्चा जीवन के नारों के साथ परिवार को नशा मुक्त कराने की शपथ ली। साथ साथ बेनीवाल ने छात्राओं का अनुशासन की तारीफ करते हुवे कहा कि सपने हमेशा बड़े देखना चाहिए जितने बड़े सपने होंगे अपनी ऊंची उड़ान होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हॉस्टल की छात्राएं, समाजजन, पत्रकार बंधु, हॉस्टल स्टाफ, व सिंघाना पुलिस चौकी का स्टाफ मोजूद रहा।

बदनावर के पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार का निधन,भाजपा नेताओं ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

धार । बदनावर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खेमराज पाटीदार का रविवार की रात्रि में निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे उन्होंने अपने गांव गाजनोद में अंतिम सांस ली। रात में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल सरदार पटेल हॉस्पिटल पिटगारा लाया गया, किंतु बचाने में सफलता नहीं मिली। सोमवार की सुबह गांव गाजनोद के मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती एवं वरिष्ठ नेता ने खेमराज पाटीदार के पार्थिव देह पर भाजपा का झंडा अर्पित कर अंतिम बिदाई दी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धार सांसद सावित्री ठाकुर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने भाजपा नेता खेमराज पाटीदार के निधन पर सोशल मीडिया के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पटोदिया और मनोज सोमानी पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजेश अग्रवाल एवं महेंद्र सिंह चाचू बना भाजपा नेता अशोक जैन डॉ प्रहलाद सिंह सोलंकी पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया ने अपने विचार व्यक्त कर पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता खेमराज पाटीदार जी ने अपने राजनीतिक जीवनकाल में मुझ जैसे हजारों कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर नेता बनाया। जनता और संगठन की एकनिष्ठ सेवा को ही अपना जीवन ध्येय बनाने वाले श्री पाटीदार सरलता, संवेदनशीलता और संकल्पबद्धता के प्रतिमान थे। उनका जाना क्षेत्र के साथ ही भाजपा परिवार के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है।



श्री पाटीदार 1998 में बदनावर से भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। वे दो बार धार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रहे तथा भाजपा के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली। उन्होंने 2003 एवं 2008 में भी भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा। पुत्रवधू ममता पाटीदार वर्तमान में बदनावर जनपद उपाध्यक्ष है। उनके पुत्र शिवनारायण एवं मनदीप पाटीदार गांव में खेती-बाड़ी का काम संभालते हैं। निधन से गांव में शोक रहा।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष पाटीदार संजय सिंह राठौर धर्मेंद्र राठौर मुन्नालाल पटेल भाजपा नेता मोहन सिंह चौहान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जसवंत सिंह राठौर महेंद्र शक्तावत जितेंद्र जाट श्याम नायक शिवराम सिंह रघुवंशी ईश्वर कटारा अमृत पाटीदार शेखर यादव लाखन सिंह नवासा रमेश पटेल अशोक चौधरी धर्मेंद्र शर्मा राजेंद्र सराफ प्रेमचंद परमार मुकेश केवलजी रतन पाटीदार महेश रावला जागीरदार जाट देवेंद्र पटेल समेत अनेक जनप्रतिनिधि नेता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मां नर्मदा के जल से किया बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक

बाकानेर-श्रावण का महीना भोले की भक्ति का महीना है। इसी कड़ी में आज श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को श्रध्दा ओर भक्ति के साथ भोले की भक्ति में झुमते हुए हर हर महादेव का जय घोष करते हुए नर्मदा का जल लेकर कांवड़ यात्रा निकली ।बाकानेर के भगवानपुर और भिलट देव मंदिर बाकानेर द्वारा ग्राम बड़ा बड़दा से मां नर्मदा का जल लेकर भगवानपुरा स्थित नवनिर्मित श्री हनुमतेश्वर महादेव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया वहीं भिलट मंदिर बाकानेर के भक्तों द्वारा भिलट देव मंदिर में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। 10 किलोमीटर दूरी तय कर भगवानपुरा पहुंचे जहां ग्राम वासियों ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। कावड़ यात्रा में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे धार्मिक भजनों पर थिरक रहे थे। समाजसेवी सुनील जायसवाल पत्रकार पूरब काला अरुण वैष्णव ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया।

जनपद पंचायत बाग मे नशा मुक्ति अभियान चलाया

बाग - पुलिस के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रचार प्रसार किया गया।हॉट बाजार होने से बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण एवं जनपद पंचायत के स्टाफ को नशे से दूरी, है जरूरी संदेश देते हुए थाना प्रभारी द्वारा बताया कि इस अभियान को सार्थक बनाने के लिए हम सभी को सहयोग करना है । परिवार में कोई एक व्यक्ति भी यदि नशे का आदी है तो उसका असर उसके बच्चे और आसपास के लोगों पर भी पड़ता है। नशीले पदार्थ जैसे तंबाकू, गुटका पाउच, गांजा , चरस, अफीम एवं धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नशीला पदार्थ चाहे कैसा भी हो ला - ईलाज बीमारियों को जन्म देता है । नशे की बुरी आदत से लाचार व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर होकर अपराधिक घटनाएं करने लगता है।

मुक्तिधाम समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

धार. जन भागीदारी विकास एवं सौंदर्यीकरण समिति मुक्तिधाम धार की वार्षिक साधारण सभा की बैठक विगत दिनों संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता अनंत कुमार अग्रवाल अध्यक्ष द्वारा की गई सचिव गोविंद मुकादम द्वारा वर्ष 2024 25 के लिए भौतिक व अंकेक्षित प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया दान द्वारा प्राप्त राशि के लिए दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया, अध्यक्ष द्वारा आगामी वर्ष 2025 26 के लिए लेखाओं के ऑडिट के लिए मे गोविंद जे अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड अकाउंटेंट धार के नाम का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु रखा, । इसी प्रकार वर्ष 2025 26 के लिए प्रस्तावित आय व व्यय के बजट से रुपए 161 000 के शुद्ध अधिशेष का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया, सौंदर्यीकरण के अंतर्गत रुपए 356000 खर्च कर नगर पालिका की रिक्त भूमि पर वृक्षारोपण परियोजना में असामाजिक व शरारती तत्वों द्वारा अतिक्रमण करने के उद्देश्य से, कार्य में बाधा डालने के कारण, कार्य बीच में ही रोकना पड़ा ,सभा में शासन प्रशासन का अतिक्रमण हटाने में सहयोग नहीं मिलने के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ी तथा समिति द्वारा रोष व्यक्त किया गया बैठक में वरिष्ठ सदस्य श्री नरेश गंगवाल, सदस्य श्री करण सिंह पवार, सदस्य राजीव यादव, कोषाध्यक्ष नारायण जोशी, उपाध्यक्ष कुलदीप बुंदेला, महेश चंद्र माहेश्वरी अशोक जैन उपस्थित हुए ,सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

एक नजर

लालबाग से धारेश्वर महादेव मंदिर तक निकली विशाल मातृशक्ति कावड़ यात्रा

त्रिवेणी संगम से लाए गए जल से मातृशक्ति ने किया धारेश्वर महादेव का जलाभिषेक

धार। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मातृशक्ति कावड़ यात्रा सावन के दूसरे सोमवार को स्थानीय लालबाग परिसर से प्रारंभ होकर धारेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुई। त्रिवेणी संगम प्रयाग राज से ला गए गंगा, जमना, सरस्वती के पवित्र जल से भोले बाबा का जल अभिषेक किया। कावड़ यात्रा के प्रारंभ में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा द्वारा पवित्र जल का पूजन कर कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया। तथा भोले बाबा से धार शहर की सुख समृद्धि एवं वैभव की कामना की ।कावड़ यात्रा के पूर्व मातृ शक्ति संगठन की अध्यक्ष पप्पी मकवाना,व मातृशक्ति संगठन के संयोजक अनिल जैन बाबा, वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष विशाल निगम, दीपक बिड़कर, देवेन्द्र रावल, कालीचरण सोनवानिया,मातृशक्ति से गोपी बोरदिया,श्रीमती सावित्री रिंग्नोदिया, श्रीमती शोभा, श्रीमती रेखा, ज्योति राठौर ललिता, संगीता, बिंदु, रेखा सोलंकी,रीना भाटी, उर्मिला। उमरवाल, लक्ष्मीबाई नारोले, ममता तिवारी

के साथ ही राजेश हारोड,दिनेश नायक, शिव पटेल,हुकुम लश्करी, पुरुषोत्तम चौहान,नितिन चौहान,अंकित वर्मा, अमित शर्मा, रतन भावर, विजय बारिया, बाला भाई, आदि मौजूद रहे। कावड़ यात्रा के दौरान लालबाग में फल एवं धारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में साबुदाने की खिच?ी का प्रसाद विपरीत किया गया। यात्रा का अनेक स्थानों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक के अनुशासित तरीके से किया।

जनपद पंचायत बाग मे नशा मुक्ति अभियान चलाया